हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, बुधवार, 26 फरवरी 2025


तापमान
अधिकतम 25 .2 डिग्री
न्यूनतम 10 .1 डिग्री


12 कांग्रेस और भाजपा ने जीत के लिए झोंकी ताकत





12 इंसानों की तरह शरीरधारी नहीं हैं भगवान शिव : ब्रह्माकुमारी




## खबर संक्षेप

### युवक से मारपीट व लूट के तीन आरोपी पकड़े

**पानीपत।** सीआईए वन पुलिस टीम ने पंजाब से दिल्ली जा रहे युवक से सिवाह बस अड्डा के नजदीक मारपीट कर लूटपाट करने वाले तीन आरोपियों संदीप उर्फ लाला पुत्र राजेंद्र, पारूल पुत्र महाबीर निवासी सिवाह व रवि पुत्र जगफुल निवासी जागसी हाल सिवाह को गिरफतार किया है। सीआईए वन प्रभारी सब इंस्पेक्टर संदीप ने बताया कि थाना औद्योगिक सेक्टर 29 में सुमित शर्मा पुत्र बलदेवराज निवासी न्यू हर गोविंद नगर लुधियाना पंजाब की शिकायत पर केस दर्ज है।

### लोहा गोदाम में चोरी की आरोपी दो महिलाएं काबू

**पानीपत।** सीआईए टू पुलिस की टीम ने गोहाना रोड पर महराणा गांव के पास स्थित गोदाम से लोहे का सामान चोरी करने वाले गिरोह की दो महिला आरोपियों मीना उर्फ लंगड़ी व मीना निवासी जीन्द को चरखी दादरी से गिरफ्तार किया। सीआईए टू प्रभारी इंस्पेक्टर फूल कुमार ने बताया कि थाना मॉडल टाउन में नरेंद्र पुत्र जिले सिंह निवासी हुडा सेक्टर 18 की शिकायत पर केस दर्ज है।

### सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत

**पानीपत।** पानीपत के गांव आसन कलां के पास अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार युवक संजय निवासी गांव मुनक जिला करनाल की मौत हो गई। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद संजय का शव उसके परिजनों को सौंप दिया और अज्ञात वाहन चालक पर गैर इरादन हत्या के आरोप में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### दो तस्कर 7.36 ग्राम स्मैक समेत गिरफ्तार

**पानीपत।** सीआईए वन पुलिस टीम ने टैंपू सवार दो नशा तस्करों दीपक पुत्र रामेहर निवासी गांव डाहर व सुनील पुत्र सोहनलाल निवासी आजाद नगर, पानीपत को 7.36 ग्राम स्मैक नशीले पदार्थ सहित गिरफ्तार किया। सीआईए प्रभारी सब इंस्पेक्टर संदीप ने बताया कि आरोपियों पर थाना औद्योगिक सेक्टर 29 में एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज करवाया गया है।

### शिविर में तीन शिकायतों का किया समाधान

**अंबाला।** जिला स्तर पर आयोजित समाधान शिविर में मंगलवार को अतिरिक्त उपायुक्त डा. ब्रहमजीत ने यहां पहुंचे प्रार्थियों की समस्याओं को विस्तारपूर्वक सुनते हुए अधिकारियों को शिकायत मार्क कर उनका निवारण करने बारे निर्देश दिए। समाधान शिविर में 3 शिकायतें प्राप्त हुई जिनका मौके पर ही निपटान कर दिया गया। एडीसी ने इस मौके पर बताया कि उपायुक्त अजय सिंह तोमर के मार्गदर्शन में प्रत्येक कार्य दिवस में सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक समाधान हेतु शिविर आयोजित किए जा रहे हैं।

### मिल्क प्लांट मामले में डीसी ने दिए निर्देश

**अंबाला।** अंबाला केंद्रीय कारागार तथा वीटा मिल्क प्लांट को स्थानांतरित को लेकर मंगलवार को उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों की बैठक लेते हुए कार्रवाई के निर्देश दिए। अंबाला सेंट्रल जेल व वीटा मिल्क प्लांट शहर के बीचों-बीच है। इन दोनों कार्यों के लिए विभागीय अधिकारियों द्वारा शहर के साथ लगते क्षेत्र में अंबाला सेंट्रल जेल व वीटा मिल्क प्लांट की नई बिल्डिंग बनाने के लिए विचार किया जा रहा है।

### मकान से नकदी व दो मोबइल किए चोरी

**यमुनानगर।** कृष्णा कॉलोनी निवासी गौरव सेठी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि सोमवार रात करीब सात बजे दो युवक उसके घर में घुस गए। आरोपियों ने घर से उसके पर्स से 15 हजार रुपये तथा दो मोबाइल चुरा लिए। पुलिस ने मामले की जांच के बाद केस दर्ज कर लिया है।

---

### कार्यकारिणी परिषद ने 75 मुद्दों पर की चर्चा

# कुवि की ईसी की बैठक में 697.15 करोड़ रुपये का वार्षिक बजट पारित

- केयू एप्रिशिएशन अवॉर्ड पॉलिसी को मंजूरी प्रदान की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय कार्यकारिणी परिषद की बैठक में वित्त वर्ष 2025-26 के लिए 697.15 करोड़ रुपये का बजट पारित किया गया। बैठक में कुवि के वित्त अधिकारी प्रो. रमेश दलाल द्वारा बजट की रिपोर्ट को प्रस्तुत किया गया। इसके साथ ही कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के लोक सम्पर्क विभाग द्वारा तैयार की गई वार्षिक रिपोर्ट-2024 को भी पारित किया गया जिसकी विस्तृत रिपोर्ट लोक सम्पर्क विभाग के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया ने प्रस्तुत की। बैठक में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय द्वारा 34वें दीक्षांत समारोह को सफलतापूर्वक आयोजित करने के लिए सभी सदस्यों ने कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा को बधाई दी। बैठक में समावेशी शिक्षा के लिए केशोराज छात्रवृत्ति को शुरू करने, आईटीटीआर तथा गणित विभाग के विद्यार्थियों के लिए डॉ. परमजीत सिंह विर्क छात्रवृत्ति शुरू करने, हरियाणा सरकार के निदेर्शानुसार गवर्नमेंट कॉलेज, बस्थली, करनाल का नाम बदलकर डॉ. भीमराव अम्बेडकर गवर्नमेंट कॉलेज करने की अनुशंसा की गई। बैठक में विश्वविद्यालय के गैर शिक्षक कर्मचारियों द्वारा किए गए उत्कृष्ट कार्यों के लिए मिलने वाले केयू एप्रिशिएशन अवार्ड पॉलिसी को मंजूरी प्रदान की गई। बैठक में जूलोजी विभाग के डॉ. जितेन्द्र कुमार व बॉटनी के डॉ. सोमवीर जाखड़ को एसोसिएट प्रोफेसर तथा एसएफएस के तहत विधि संस्थान की डॉ. मोनिका, डॉ. सुमित कुमार को असिस्टैंट प्रोफेसर पद, इतिहास विभाग के डॉ. धर्मबीर सिंह व अर्थशास्त्र विभाग की डॉ. किरण देवी को एसोसिएट प्रोफेसर तथा सोशोलॉजी विभाग के डॉ. सुनील कुमार को प्रोफेसर पद पर कन्फमेशन की मंजूरी प्रदान की गई। केयू एम्प्लायज वेलफेयर फंड(नान टीचिंग) की एक मुश्त मिलने वाली वित्तीय राशि को 25 हजार से बढ़ाकर 50 हजार करने का निर्णय लिया गया। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के अर्थशास्त्र विभाग के अंतर्राष्ट्रीय इंडो पैसिफिक केन्द्र के निदेशक डॉ. वीएन अत्री के निदेशक पद के तथा श्रीमद् भगवद् अध्ययन केन्द्र के इंचार्ज डॉ. आरके देसवाल के कार्यकाल को छह माह बढ़ाने की अनुशंसा की गई। बैठक में आईआईएचएस के हिंदी विभाग के प्रोफेसर डॉ. महासिंह पूनिया को जनसंचार एवं मीडिया प्रौद्योगिकी संस्थान के निदेशक पद का कार्यभार एक वर्ष की अवधि के लिए या अगले आदेशों तक, जो भी पहले हो, दिए जाने की अनुशंसा प्रदान की गई।

#### डॉ. विजय कुमार को डेपुटेशन की मंजूरी

आईआईएचएस के फिजिक्स विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. विजय कुमार को गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय हिसार के कुलसचिव पद पर नियुक्ति मिलने पर एक वर्ष अवधि के डेपुटेशन की मंजूरी प्रदान की गई। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति कार्यालय के प्रशासनिक ब्लॉक के कमेटी रूम में आयोजित इस बैठक में विश्वविद्यालय से सम्बन्धित कई अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर भी चर्चा हुई। इस बैठक में कुलसचिव डॉ. वीरेन्द्र पॉल सहित कार्यकारिणी परिषद के सदस्य मौजूद रहे।

---

# मजदूर की बेटी ने बुनियाद की परीक्षा में पाया तीसरा स्थान



बराडा। छात्रा सिमरन को बधाई देते हुए स्कूल स्टाफ।

- स्कूल का नाम रोशन करने पर शिक्षकों ने दी बधाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

राजकीय माध्यमिक विद्यालय राऊमाजरा की कक्षा आठवीं की छात्रा सिमरन ने बुनियाद लेवल-टू की परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन करते हुए जिले भर में स्कूल का नाम रोशन किया। सिमरन का नाम जिले में टॉप तीन स्टूडेंटस में आया है। इस परीक्षा में पहला स्थान राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कक्कड़ माजरा के छात्र युगेश ने पाया, युगेश ने इस परीक्षा में 100 अंक प्राप्त किए। इसी प्रकार राजकीय मॉडल संस्कृति विद्यालय पुलिस लाइन के शिवम और राजकीय मिडल स्कूल राऊमाजरा की सिमरन ने 80 अंक प्राप्त किए हैं। परीक्षा में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मुलाना के ललित कुमार ने 71 अंक प्राप्त किए। परीक्षा में पूरे जिले से कुल 283 विद्यार्थी उतीर्ण हुए। इस परीक्षा में खंड बराड़ा के 45 बच्चे पास हुए हैं।

राजकीय मिडल स्कूल राऊमाजरा के मिडल हैड रोहित शर्मा ने बताया कि सिमरन शुरू से पढ़ाई में होशियार है। सिमरन जब कक्षा तीसरी में थी तो उसने जिला स्तर पर बरखा सीरिज की प्रतियोगिता में पहला स्थान पाया था। सिमरन के पिता मजदूरी करते हैं। स्कूल स्टाफ पूनम, अनुराधा रानी, आरती ने सिमरन को उसकी सफलता पर बधाई दी। उसके उज्जवल भविष्य की कामना की।

---

# कुरुक्षेत्र पर्यटन स्थल के रूप में विख्यात : राम प्रसाद

- त्रिपुरा के डिप्टी स्पीकर राम प्रसाद पॉल ने किया कुरुक्षेत्र के तीर्थ स्थलों का अवलोकन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



त्रिपुरा के डिप्टी स्पीकर राम प्रसाद पॉल ने कहा कि कुरुक्षेत्र की पावन धरा पर हजारों साल पूर्व भगवान श्रीकृष्ण पूरी मानवता को कर्म करने का संदेश देने के लिए गीता के उपदेश दिए। इसलिए धर्मक्षेत्र कुरुक्षेत्र पर्यटन स्थल के रूप में पूरे विश्व भर में अपनी पहचान बना चुका है। इस पावन धरा पर हर वर्ष लाखों लोग पहुंचते है, इससे कुरुक्षेत्र के साथ-साथ हरियाणा प्रदेश से एक विशेष संदेश लेकर अपने प्रदेश को लौट रहे है। डिप्टी स्पीकर राम प्रसाद पॉल मंगलवार को गीता स्थली ज्योतिसर में अधिकारियों के संग अपने मन की बात को साझा कर रहे थे। इससे पहले त्रिपुरा के डिप्टी स्पीकर राम प्रसाद पॉल पंजाब मालवा से बीजेपी संगठन मंत्री गोपाल सोनी, पूर्व चेयरमैन हरियाणा कृष्ण ढुल, हरियाणा 48 कोस तीर्थ निगरानी कमेटी के चेयरमैन मदन मोहन छाबड़ा ने गीता स्थली ज्योतिसर, श्रीकृष्ण संग्रहालय, पैनोरमा, ब्रह्मसरोवर, गीता ज्ञान संस्थान सहित अन्य तीर्थ स्थलों का अवलोकन किया। इसके उपरांत चेयरमैन मदन मोहन छाबड़ा ने त्रिपुरा के डिप्टी स्पीकर के साथ-साथ सभी मेहमानों को कॉफी टेबल बुक व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। डिप्टी स्पीकर ने कहा कि धर्मक्षेत्र कुरुक्षेत्र ऐसी पावन धरा है जिस धरा से पूरे विश्व को शिक्षा, संस्कारों के साथ-साथ गीता के उपदेशों का ज्ञान हुआ। यह गीता के उपदेश आज भी पूर्णतया प्रासंगिक है, जो मनुष्य पवित्र ग्रंथ गीता के उपदेशों का अनुसरण करता है। उसका जीवन सार्थक हो जाता है। इस धर्मक्षेत्र कुरुक्षेत्र को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने के लिए केंद्र और प्रदेश सरकार के प्रयासों को कभी भुलाया नहीं जा सकेगा। इस सरकार ने गीता स्थली ज्योतिसर अनुभव केंद्र जैसे संग्रहालय बनाकर महाभारत काल के हर पहलू को जीवंत करने का प्रयास किया गया है। चेयरमैन मदन मोहन छाबड़ा ने मेहमानों का स्वागत करते हुए केंद्र और प्रदेश सरकार द्वारा कुरुक्षेत्र को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की सभी योजनाओं पर प्रकाश डाला और तीर्थो के इतिहास के बारे में विस्तार से जानकारी दी है।

---

# युवक ने शादी का झांसा देकर युवती से 11 साल तक किया यौन शोषण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

- पुलिस ने आरोपी युवक समेत तीन के खिलाफ केस दर

बिलासपुर थाना क्षेत्र में युवक ने शादी का झांसा देकर युवती के साथ 11 वर्ष तक दुष्कर्म किया। बाद में आरोपी युवक ने युवती को शादी करने से मना कर दिया। परेशान होकर पीड़िता ने इसकी शिकायत पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी युवक समेत तीन लोगों के खिलाफ पोक्सो एक्ट समेत विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

जानकारी के अनुसार बिलासपुर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी 30 वर्षीय युवती ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 2013 में उसकी मुलाकात भुपिंद्र के साथ हुई थी। इसके बाद आरोपी उसे फोन पर बात करने लगा। जिस कारण उन दोनों की दोस्ती हो गई। युवती ने बताया कि आरोपी उसे पंसद करने लगा। जिस पर आरोपी ने उसे शादी करने के लिए कहा। आरोपी ने 20 नवंबर 2013 के मिलने के लिए बुलाया। जब वह आरोपी पर विश्वास करके उससे मिलने के लिए गई तो आरोपी उसे एक कमरे में लेकर गया। जहां आरोपी ने उसे शादी का झांसा देकर दुष्कर्म किया। पीड़िता ने बताया कि इसके बाद भी आरोपी करीब 11 साल उसे शादी का झांसा देकर उसके साथ संबंध बनाता रहा। जब उसने आरोपी को शादी करने के लिए कहा तो आरोपी टाल मटोल करने लगा। बाद में आरोपी ने उसे शादी करने से मना कर दिया। युवती ने बताया कि उसने आरोपी के परिचित दलबीर व मनप्रीत से इस बारे बात की। मगर उन्होंने ने भी आरोपी की बातों में आकर उसकी बात को अनसुना कर दिया। परेशान होकर उसने आरोपी के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद तीनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

---

# अंबाला की नई सब्जी मंडी में एक साथ पांच दुकानों के ताले तोड़े

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

- तीन दुकानों से चोरों ने 90 हजार की नकदी पर हाथ साफ किया, दो में असफलता

अंबाला शहर की नई सब्जी मंडी में मंगलवार सुबह चोरों ने एक साथ पांच दुकानों के ताले तोड़कर नकदी व कीमती सामान पर हाथ साफ कर दिया। चोरों ने तीन दुकानों की अलमारी में रखी 90 हजार रुपये की नकदी चोरी की। दो दुकानों के चोर केवल ताले तोड़ने में कामयाब रहे लेकिन यहां से कोई समान चोरी नहीं हुआ। आढ़तियों के आने पर चोरी का खुलासा हुआ। सीसीटीवी खंगाले तो फुटेज में दो युवक दिखाई दे रहे हैं। एक ने मफरल तो दूसरे ने सिर पर हेलमेट डाल रखा था। युवक ने हाथ में लोहे की रॉडनुमा हथियार से दुकान के अंदर शीशे के दरवाजे का ताला और फिर अलमारियों के लॉकर तोड़कर नकदी चुराई। इस वारदात के बाद पुलिस ने मौके पर आकर सुराग जुटाने शुरू कर दिए। चोरी के समय काम में व्यस्त थे आढ़ती सब्जी मंडी की शॉप नंबर 4 के दुकानदार आशीष ठकुराल ने बताया कि करीब 30 हजार रुपये की चोरी हो गई। इसी तरह से दो अन्य दुकानों से भी हजारों की नकदी चोरी हुई है। सब्जी मंडी प्रधान अमरनाथ ने बताया कि सूचना मिलने के बाद आकर देखा तो पांच दुकानों के ताले टूटे पड़े थे। आढ़तियों के पास हजारों रुपये का कैश होता है। सुबह 5 बजे मंडी आने के बाद वह पैसे को दुकान के लॉकर में रख देते हैं। काम में व्यस्त होने के कारण सुबह 8 बजे देखा तो ताले टूटे हुए थे। मंडी प्रधान ने पुलिस से सुरक्षा बढ़ाने की मांग उठाई।

### दुल्हन के बिना वापस लौटी बारात

**पानीपत।** पानीपत की भाटिया कालोनी क्षेत्र में स्थित एक मैरिज पैलेस में पंजाब के अमृतसर से आई बारात बिना विवाह के पास लौट गई। ऐसा बताया जा रहा है कि दुल्हन को ससुराल वालों की तरफ से आया गया लहंगा पसंद नहीं आया। वहीं, दुल्हन पक्ष के लोग वर पक्ष पर सोने की जगह आर्टिफिशियल ज्वेलरी लाने और जयमाला नहीं लाने पर भड़के। मैरिज पैलेस में दोनों पक्षों में जमकर धक्कामुक्की हुई। विवाद बढ़ा तो पुलिस की डायल-112 की टीम को मौके पर बुलाया गया। पुलिस ने दोनों पक्षों को बैठाकर समझाया। इसके बाद दुल्हन पक्ष ने विवाह से इंकार कर दिया और बारात बिना

# दो सूने घरों में सेंधमारी नकदी और गहने चोरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जिले में चोरों ने दो सूने घरों के ताले तोड़कर 95 हजार रुपये की नकदी समेत लाखों रुपये के सोने व चांदी के जेवर चोरी कर लिए। पुलिस ने दोनों मामलों की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार खजांची मौहल्ला छछरौली निवासी जरनीश ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 23 फरवरी को वह घर का ताला लगाकर परिवार के सदस्यों के साथ किसी काम से बाहर गया था। अगले दिन जब वह वापस लौटे तो घर का लगा ताला टूटा हुआ था और अंदर सामान बिखरा पड़ा था।

जांच करने पर घर से 80 हजार रुपये, दो सोने की अंगूठियां, एक सोने की चेन तथा अन्य सामान गायब मिला।

उसने बताया कि चोरी हुए जेवर व सामान की कीमत करीब दो लाख 10 हजार रुपये है। उसने चोरी की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### निर्माणधीन मकान से बिजली की फिटिंग और पाइप चोरी, केस दर्ज

**यमुनानगर।** विष्णु नगर निवासी गुलशन वोहरा ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह कॉलोनी में ही नया मकान बना रहा है। शाम को वह मकान से काम खत्म करवाकर घर आ गया था।

सुबह जब वह निर्माणधीन मकान पर गया तो वहां से सामान गायब था। जांच करने पर बिजली की फिटिंग व एसी की फिटिंग के पाइप गायब मिले। जिसकी कीमत करीब 50 हजार रुपये है। उसने चोरी की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

---

### शिक्षा विभाग ने चिराग योजना के लिए पोर्टल खोला

# मेधावी छात्रों का होगा निजी स्कूलों में दाखिला

- 7 मार्च तक निजी स्कूलों को सहमति देने के आदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणगढ़

चिराग योजना के तहत निजी स्कूलों में विद्यार्थियों को निशुल्क दाखिला देने के लिए शिक्षा विभाग ने पोर्टल खोल दिया है। निजी स्कूलों को विभागीय पोर्टल पर 7 मार्च तक अपनी सहमति देनी होगी। इसमें निजी स्कूलों को कक्षा के अनुसार सीट की संख्या बतानी होगी। इस योजना में राजकीय स्कूलों में पढ़ने वाले मेधावी विद्यार्थी ही पात्र होंगे। विद्यार्थी एक से अधिक विद्यालयों में भी आवेदन कर सकेंगे। शिक्षा विभाग ने इस योजना में सहमति प्राप्त मान्यता प्राप्त विद्यालयों में शैक्षणिक वर्ष 2025-26 के लिए कक्षा पांचवीं से बारहवीं में दाखिले करने के लिए शेड्यूल जारी किया है। सहमत मान्यता प्राप्त निजी विद्यालयों की कक्षा अनुसार घोषित सीटों का विवरण विभाग की ओर से विभागीय पोर्टल पर दर्शाया जाएगा जिसे संबंधित विद्यालय 15 मार्च से नोटिस बोर्ड पर प्रदर्शित करेगा। इसके बाद छात्र निजी विद्यालयों में दाखिले के लिए 15 से 31 मार्च तक आवेदन कर सकेंगे। जिन विद्यालयों में सीटों से ज्यादा आवेदन प्राप्त होंगे तो उस स्थिति में दाखिले के लिए लॉटरी के माध्यम से 1 से 5 अप्रैल की अवधि में ड्रॉ निकाले जाएंगे। मान्यता प्राप्त निजी विद्यालय प्राप्त आवेदनों पर 1 से 15 अप्रैल तक दाखिले की प्रक्रिया संपन्न करेंगे। लॉटरी ड्रा के उपरांत मुख्य सूची में सफल छात्रों की ओर से निर्धारित तिथि तक दाखिला न लेने पर उनकी रिक्त सीटों पर प्रतीक्षा सूची के छात्रों के दाखिले 16 से 30 अप्रैल तक किए जाएंगे।

विद्यार्थी जिस खंड में वर्तमान में पढ़ रहे हैं, उसी खंड में आवेदन कर सकेंगे। निजी स्कूल में दाखिले के लिए सरकारी स्कूल से लीविंग सर्टिफिकेट लिया जाना अनिवार्य होगा। जिला शिक्षा अधिकारी सुरेश कुमार ने बताया कि चिराग योजना के तहत निजी स्कूलों से दाखिले के लिए 7 मार्च तक सहमति मांगी है। विद्यार्थियों को दाखिला देने के लिए निजी स्कूल विभागीय पोर्टल पर अपनी सहमति देंगे।

सहमति देने वाले निजी स्कूलों में छात्र 15 से 31 मार्च तक आवेदन कर सकेंगे। इसके बाद दाखिले की आगामी प्रक्रिया होगी।

#### ये विद्यार्थी होंगे पात्र

निजी विद्यालयों में आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के जिन छात्रों के अभिभावकों की आय 1 लाख 80 हजार रुपए एवं इससे कम होगी, उन्हीं छात्रों को दाखिले के लिए पात्र माना जाएगा। वह आय परिवार पहचान पत्र की वार्षिक सत्यापित आय से मान्य होगी। इस योजना का लाभ लेने के लिए केवल वह छात्र पात्र होंगे, जिन्होंने गत शैक्षणिक वर्ष में अपनी शिक्षा सरकारी विद्यालयों से उत्तीर्ण की होगी।

### मजदूर यूनियन का सीएम निवास पर प्रदर्शन कल

**कुरुक्षेत्र।** निर्माण कार्य मजदूर मिस्त्री यूनियन के पदाधिकारियों और कार्यकतार्ओं ने लेबर चौकों पर मजदूरों की मीटिंग की। यूनियन द्वारा मुख्यमंत्री निवास, सेक्टर-3 कुरुक्षेत्र पर 27 फरवरी 2025 को धरना-प्रदर्शन किया जाएगा, यह मीटिंग इस धरना-प्रदर्शन की तैयारी में की गई। यूनियन के कार्यकतार्ओं ने मजदूरों में पर्चा बांटा और बोर्ड द्वारा चलाई जा रही स्कीमों में फैले हुए भ्रष्टाचार के बारे में बातचीत रखी।

उन्होंने बताया कि मजदूरों को अपना पंजीकरण करवाने व बोर्ड द्वारा चलाई का रही स्कीमों का लाभ लेने के लिए 90 दिन का कार्य प्रमाण-पत्र सरकार के अधिकारियों से वेरीफाई करवाना होता है। पहले यह वेरीफिकेशन यूनियन के पदाधिकारी भी करते थे लेकिन 2018 में सरकार ने यह अधिकार यूनियनों से छीन लिया और सरकारी अधिकारियों को दे दिया।

# दंपति को कनाड़ा भेजने के नाम पर हड़पे 15 लाख

- पैसे वापस मांगने पर किया मना पुलिस ने किया मामला दर्ज

**यमुनानगर।** छछरौली के मोहल्ला पीर गायब निवासी दंपति को कनाड़ा भेजने के नाम पर 15 लाख रुपये हड़प लिए गए। आरोप पंजाब के जिला जालंधर के गांव काकी डकोह निवासी विनोद कुमार उर्फ पवन पर लगा है। पुलिस ने दंपति की दादी की शिकायत पर आरोपी व्यक्ति के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर लिया है। मोहल्ला पीर गायब छछरौली निवासी मनछिंद्र कौर ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका पौता व उसकी पत्नी रोजगार की तलाश में विदेश जाना चाहते थे। इस दौरान उसकी मुलाकात पंजाब के जिला जालंधर के गांव काकी डकोह निवासी विनोद कुमार उर्फ पवन के साथ हुई। आरोपी ने उसे कहा कि वह लोगों को विदेश भेजने का काम करता है। वह उसके पौते व उसकी पत्नी को कनाड़ा भेजकर रोजगार दिलवा देगा। जिसके लिए करीब 15 लाख रुपये का खर्च आएगा। आरोपी की बातों में आकर उसने हां कर दी। इसके बाद आरोपी व्यक्ति ने उससे अलग-अलग करके 15 लाख रुपये तथा जरूरी दस्तावेज ले लिए। आरोपी ने जल्द ही उसके पौते व बहू को कनाड़ा भेजने का आश्वासन दिया। मगर काफी दिन बीत जाने के बाद भी आरोपियों ने उसके पौते व बहू को कनाड़ा नहीं भेजा। जब उसने आरोपी से इस बारे बात की तो उसने कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया। परेशान होकर उसने आरोपी से अपने पैसे वापस मांगे मगर उसने पैसे देने से मना कर दिया। उसने आरोपी व्यक्ति के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

## खबर संक्षेप

### अलग-अलग सड़क हादसों में दो लोगों की मौत

**यमुनानगर।** जिले में अलग-अलग स्थानों पर हुए सड़क हादसों में दो लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने आरोपी अज्ञात वाहन चालकों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार गांव शेखपुरा कदीम निवासी सानिद ने थाना छप्पर पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि उसका पिता 57 वर्षीय असलम बाइक पर किसी काम से आया था। जब वह गांव कांहडी खुर्द के पास पहुंचा तो तेज गति से आ रही कार ने उसके पिता की बाइक को टक्कर मार दी। जिससे उसका पिता सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद आरोपी कार चालक कुछ देर वहां रूकने के बाद मौके से फरार हो गया। आसपास के लोगों ने हादसे की सूचना डायल 112 को दी।

### दुकान के दरवाजे का ताला तोड़ 42 हजार चोरी

**यमुनानगर।** शहर की हरबंसपुरा कॉलोनी में चोरों ने दुकान के दरवाजे का ताला तोड़कर गल्ले से 42 हजार रुपये चोरी कर लिए। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार हरबंसपुरा कॉलोनी निवासी वंश ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी कॉलोनी में ही दुकान है। सोमवार दोपहर को एक बजे वह दुकान पर लगे शीशे वाले दरवाजे का ताला लगाकर घर खाना खाने के लिए आ गया था। करीब आधे घंटे बाद जब वह वापस दुकान पर गया तो दरवाजे का लगा ताला टूटा हुआ था और गल्ला खुला पड़ा था। जांच करने पर गल्ले से 42 हजार रुपये गायब मिले। उसने चोरी की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

# जनता की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर किया जा रहा है समाधान:गुप्ता

- जिला सचिवालय में समस्या समाधान शिविर का हुआ आयोजन
- जिला उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने सुनी शिविर में लोगों की समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर



**यमुनानगर।** जिला सचिवालय में आयोजित समस्या समाधान शिविर में लोगों की समस्याएं सुनते हुए जिला उपायुक्त पार्थ गुप्ता।

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के निर्देशानुसार जिला सचिवालय में मंगलवार को समस्या समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर की अध्यक्षता जिला उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने की। उन्होंने शिविर में पहुंची अधिकांश समस्याओं का मौके पर समाधान किया। शेष को संबंधित अधिकारियों को जल्द समाधान करने के निर्देश दिए। जिला उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने कहा कि समाधान शिविर में समस्याओं को लेकर आने वाले प्रत्येक प्रार्थी की समस्याओं को मौके पर ही निपटान करने का भरसक प्रयास किया जा रहा है। यदि कोई समस्या का समाधान दस्तावेजों या अन्य जांच पर आधारित है तब भी उसका समयबद्ध होकर जल्द निपटान करवाना सुनिश्चित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार के निर्देशानुसार आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान करने के उद्देश्य से यमुनानगर में जिलास्तर प्रत्येक कार्य दिवस पर सुबह 10 बजे से 12 बजे तक समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे हैं।

उन्होंने बताया कि पंचायतों से संबंधित शिकायतों के निपटान के लिए उप मंडलस्तर पर तथा नगर निगम से संबंधित शिकायतों के निपटान के लिए नगर निगम कार्यालयों में समाधान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है।उन्होंने जिलावासियों से अपनी समस्याओं को समाधान शिविर में आकर रखने और उनका त्वरित समाधान पाकर इसका लाभ उठाए जाने की अपील की।लाभ उठाएं। समाधान शिविर में नगराधीश पीयूष गुप्ता व डीएसपी कवलजीत सिंह आदि मौजूद रहे।

### वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से की जा रही मॉनिटरिंग

जिला उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने बताया कि वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा जिलों में लगाए जा रहें समाधान शिविरों की मॉनिटरिंग भी की जा रही है। ताकि समाधान शिविरों का लोगों को अधिक से अधिक लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि समाधान शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारी शिविर में आ रही लोगों की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर समाधान करवाने का काम कर रहे हैं।

## सीवरेज का गंदा व बदबूदार पानी जमा होने से लोग परेशान

# कॉलेज मार्ग पर सीवरेज का गंदा पानी सड़क पर जमा होने से लोग परेशान

- जिला प्रशासन से की स्थानीय लोगों ने समस्या का समाधान करवाए जाने की मांग

हरिभूमि न्यूज. रादौर



**यमुनानगर।** रादौर में कॉलेज रोड पर गंदे पानी से निकलता स्कूली बच्चा। फोटो :हरिभूमि

रादौर के कॉलेज रोड पर सीवरेज का गंदा व बदबूदार पानी जमा होने से स्थानीय लोगों को भारी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों ने जिला प्रशासन से सड़क पर बह रहे सीवरेज के गंदे व बदबूदार पानी को बंद करवाए जाने की मांग की।

स्थानीय निवासी संदीप मित्तल, मूलाराम, सविता रानी, रमेशचंद आर्य, दिनेश आर्य व मनोज आर्य आदि ने बताया कि पिछले काफी समय से रादौर के कॉलेज मार्ग पर सीवरेज का गंदा व बदबूदार पानी बह रहा है। जिसमें से होकर स्कूल व कॉलेज के बच्चों समेत स्थानीय लोगों को होकर गुजरना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि इस संबंध में जब स्थानीय लोगों ने नगरपालिका व जनस्वास्थ्य विभाग से समस्या के समाधान की गुहार लगाई तो दोनो विभाग अपना अपना पल्ला झाड़ते नजर आए।

उन्होंने बताया कि गंदा पानी भराव के कारण स्कूल, कॉलेज जाने वाले बच्चे, स्थानीय दुकानदार व अन्य राहगीरों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों ने बताया कि कॉलेज रोड शहर के सबसे व्यस्त चौराहों में से एक है। जिस पर हर दिन हजारों की संख्या में बड़े छोटे वाहन गुजरते हैं। कॉलेज रोड पर कॉलेज के पास स्थित सीवरेज ब्लॉक होने से नालियों का गंदा पानी सड़क पर इकठ्ठा हो रहा है। जिसकी कर्मचारियों ने कई बार निकासी भी करवाई। लेकिन सीवरेज के ब्लॉक होने के चलते पानी फिर से चौराहे पर पहुंच जाता है। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि जल्द से जल्द समस्या का समाधान करवाया जाए।

### समस्या का जल्द करवाएंगे समाधान

नपा के सफाई निरीक्षक गोविंद कुमार ने बताया कि कर्मचारियों को भेजकर गंदे पानी की निकासी करवा दी जाएगी। वहीं, संबंधित विभाग के जेई पवन कुमार ने बताया कि जल्द से जल्द मशीन मंगवाकर समस्या का समाधान करवा दिया जायेगा।

## स्वास्थ्य, वित्त व शिक्षा आदि में एआई ला रहा है क्रांतिकारी बदलाव : गायत्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर



**यमुनानगर।** केजेएमआईईटीआई कॉलेज रादौर में आयोजित सेमिनार में भाग लेते विद्यार्थी।

जेएमआईईटीआई इंजीनियरिंग कॉलेज रादौर में मंगलवार को आईसीटी अकादमी के तहत एप्लीकेशन आफ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस विषय पर सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार में विद्यार्थियों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के व्यावहारिक अनुप्रयोगों एवं उद्योगों में बढ़ती इसकी भूमिका से अवगत करवाया गया। सेमिनार में ग्रेट लेक्स इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट चेन्नई की डेटा साइंटिस्ट मिस गायत्री नटराजन ने मुख्य वक्ता के रुप में भाग लिया।। मुख्य वक्ता मिस गायत्री नटराजन ने सेमिनार में एआई की मौलिक अवधारणाओं, मशीन लर्निंग, डीप लर्निंग, इंडस्ट्री में इसके विभिन्न अनुप्रयोगों पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य, वित्त, शिक्षा व ऑटोमेशन जैसे क्षेत्रों में एआई कैसे क्रांतिकारी बदलाव ला रहा है। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने एआई और डेटा साइंस से जुड़े अपने प्रश्न पूछे। जिनका समाधान विशेषज्ञ द्वारा किया गया।

## शिवलिंग प्राण प्रतिष्ठा को लेकर किया पूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर



रादौर की शास्त्री कॉलोनी वार्ड नंबर दस स्थित शिवमंदिर में मंगलवार को दो दिवसीय शिवलिंग प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का शुभारंभ किया गया। महोत्सव के पहले दिन शिवलिंग की प्राण प्रतिष्ठा की गई और मंडल कलश स्थापना की गई। मंदिर के पुजारी अवध बिहारी पांडे ने बताया कि महोत्सव के पहले दिन मंडल कलश स्थापना की गई। वहीं शिवलिंग महाभिषेक व शोभायात्रा का आयोजन किया गया। जिसमें भगवान शिव की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। उन्होंने बताया कि महोत्सव के दूसरे दिन 26 फरवरी को सुबह 5 बजे प्राण प्रतिष्ठा व साढ़े 5 बजे हवन यज्ञ आयोजित किया जाएगा। हवन यज्ञ का आयोजन उमेश शांडिल्य के नेतृत्व में स्थानीय लोग आहुति डालकर सभी के लिए मंगल कामना करेंगे। रविवार दो मार्च को मंदिर में श्रद्वालुओं के लिए विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर सुशील शर्मा, भारत मेहता, मोहनलाल अरोड़ा, देवीदयाल अरोडा, शिवकुमार वर्मा, सचिन मेहता, संजय, संदीप, रवि, दीपक उपनेजा, संदीप शर्मा, संजीव अरोड़ा आदि मौजूद रहे।




### एनएसएस के विद्यार्थियों ने रैली निकालकर लोगों को किया स्वच्छता के प्रति जागरुक

**यमुनानगर।** मुकंद लाल नेशनल कॉलेज यमुनानगर में एनएसएस यूनिट द्वारा मंगलवार को स्वच्छता और सामुद्धायिक सेवा पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पोस्टर मेकिंग, स्लोगन राइटिंग, भाषण, आदि से स्वच्छता के प्रति लोगों को प्रेरित किया गया। वहीं, रैली निकालकर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरुक किया गया। कॉलेज के कार्यवाहक प्रधानाचार्य डॉ. अनिल धवन ने एनएसएस टीम की समर्पण और कड़ी मेहनत की सराहना की। उन्होंने एनएसएस प्रोग्राम ऑफिसर डॉ.वकील सिंह, डॉ. पूजा रानी और डॉ. राहुल सिंह को उनके उत्कृष्ट प्रयासों के लिए बधाई दी। डॉ. धवन ने एनएसएस स्वयंसेवकों को स्वच्छता के ब्रांड एंबेसडर के रूप में नियुक्त किया। जिससे वे अपने साथियों और व्यापक समुदाय को एक स्वच्छ वातावरण की दिशा में प्रेरित कर सकें। सफल रैली और सैनिटाइजेशन ड्राइव ने गहरा प्रभाव छोड़ते हुए कॉलेज की सतत प्रथाओं और सक्रिय सामुदायिक सेवा के प्रति प्रतिबद्धता को पुनः स्थापित किया। डॉ. दीपमला ने रोजगार सृजन के एक साधन के रूप में कचरा प्रबंधन के नवाचारी दृष्टिकोण पर जोर दिया। जबकि डॉ. मनोहर गोयल ने स्वच्छता की प्राप्ति में सैद्धांतिक अंतर्दृष्टि और व्यावहारिक उपायों के बीच संतुलन पर बल दिया।

# बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम किए प्रस्तुत

- राजकीय प्राथमिक पाठशाला मिल्क खास में निपुण मेले का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर



**यमुनानगर।** राजकीय प्राथमिक पाठशाला मिल्क खास में निपुण मेले में बच्चों को सम्मानित करते मुख्यातिथि। फोटो :हरिभूमि

राजकीय प्राथमिक पाठशाला मिल्क खास में निपुण मेले का आयोजन किया गया। जिसमें एसडीएम व्यासपुर जसपाल सिंह गिल मुख्य अतिथि रहे। इसके साथ ही खंड शिक्षा अधिकारी प्रेमलता, खंड समन्वयक अधिकारी नरेश पाल और खंड समन्वयक अधिकारी साढौरा धर्म सिंह राठी विशिष्ट अतिथि थे। सर्वप्रथम मुख्य अतिथि जसपाल सिंह गिल ने विद्यालय का अवलोकन किया। इसके उपरांत विद्यालय के प्रिंट रिच रूम का अवलोकन किया गया। मुख्यातिथि व अन्य अतिथियों ने विद्यार्थियों द्वारा लगाई गई विभिन्न गतिविधियों की स्टॉल का अवलोकन कर विद्यार्थियों को बधाई दी। कक्षा पहली से पांचवी के नन्हे मुन्ने बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। छोट बच्चों ने निपुण रामलीला का प्रदर्शन किया। हरियाणवी लोक नृत्य, राजस्थानी लोक नृत्य व आर्मी थीम पर एक्ट कर सबका मन मोह लिया। जिसकी सभी अधिकारियों अध्यापकों व अभिभावकों ने सराहना की। मुख्य अतिथि एसडीएम जसपाल सिंह गिल द्वारा बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया व कार्यक्रम में सहयोग करने वाले अध्यापकों को भी सम्मानित किया गया। मुख्यातिथि ने कहा कि अन्य विद्यालयों में भी इस प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन होना चाहिए। यह कार्यक्रम बच्चों को आत्मविश्वास प्रदान करते हैं व उनकी छिपी हुई प्रतिभा को बाहर निकालते हैं।

उन्होंने प्राथमिक विंग इंचार्ज पवन कुमार व उनकी टीम के प्रयासों की सराहना की। मौके पर बीआरसी रोमिका ने निपुण प्रोग्राम पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर विद्यालय मुख्य अध्यापक कर्म सिंह राठी, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भेडथल से प्रधानाचार्य कृष्ण लाल सैनी, पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मछरौली से प्रधानाचार्य पूनम धीमान, जिला एफएलएन कोऑर्डिनेटर संजीव सैनी, बीआरपी सुखविंदर सिंह व एबीआरसी पूजा रानी आदि मौजूद रहे।



**यमुनानगर।** रादौर में चल रही श्रीमद्भागवत कथा में मनुष्य के कर्त्तव्य बताते कथाव्यास व श्रवण करते श्रद्धालु। फोटो :हरिभूमि

### निष्काम भाव से प्रभु का स्मरण करने से मनुष्य का सुधर जाता है जीवनः शुक्ल

**रादौर।** महाराजा अग्रसेन कॉलोनी में श्रद्धालु रविंद्र शर्मा के निवास स्थान पर चल रही आठ दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के तीसरे दिन कथाव्यास ने श्रद्धालुओं को अवगत करवाया। मौके पर भजनों के माध्यम से प्रभु का गुणगान किया गया। कथाव्यास आचार्य भगवती प्रसाद शुक्ल ने श्रद्धालुओं को बताया कि मनुष्यों के क्या कर्तव्य हैं। उन्होंने कहा कि इसका बोध भागवत सुनकर ही होता है। विडंबना ये है कि मृत्यु निश्चित होने के बाद भी हम उसे स्वीकार नहीं करते हैं। निष्काम भाव से प्रभु का स्मरण करने वाले लोग अपना जन्म और मरण दोनों सुधार लेते हैं। प्रभु जब अवतार लेते हैं तो माया के साथ आते हैं। साधारण मनुष्य माया को शाश्वत मान लेता है और अपने शरीर को प्रधान मान लेता है। जबकि शरीर नश्वर है। उन्होंने कहा कि भागवत बताता है कि कर्म ऐसा करो जो निष्काम हो। वहीं सच्ची भक्ति है। जैसे समुद्र मंथन से अमृत व विष दोनो ही बाहर आए थे। विष ने दुनिया को कष्ट दिए। अमृत ने दुनिया को जीवन प्रदान किया। इसी तरह मनुष्य के अंदर भी अमृत व विष दोनो हैं। वह किसको पहले निगलता है यह उस पर निर्भर करता है।

# स्वच्छता अपनाकर बीमारियों को दूर भगाने में करें सहयोगः डॉ. यादव

- नगर निगम ने शहर में स्वच्छता रैली निकालकर लोगों को किया जागरूक
- रैली में विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थी व संस्थाओं ने लिया भाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर



**यमुनानगर।** स्वच्छता जागरुकता को लेकर निकाली गई रैली में भाग लेते हुए बच्चे।

नगर निगम यमुनानगर जगाधरी प्रशासन द्वारा मंगलवार को शहर में स्वच्छता रैली निकालकर लोगों को पर्यावरण स्वच्छता के लिए जागरुक किया। रैली में विभिन्न स्कूलों के बच्चों व स्वयं संस्थाओं के सदस्यों ने भाग लिया। रैली में बच्चों ने अपने हाथों में स्वच्छता संबंधित जागरूकता स्लोगन लिखे बैनर व तख्तियों उठा रखी थी। रैली मंगलवार सुबह नेहरू पार्क से शुरु हुई। रैली को झंडी दिखाकर निगम के कार्यकारी आयुक्त डॉ. विजय पाल यादव ने रवाना किया। रैली नेहरू पार्क रोड से होती हुई मेला सिंह चौक, प्यारा चौक से रेलवे स्टेशन रोड से होकर निरंकारी चौक, शहीद भगत सिंह चौक से होती हुई नगर निगम कार्यालय पर संपन्न हुई। रैली के दौरान विद्यार्थियों ने व्यवहार में बदलाव की करो तैयारी, स्वच्छता है हम सबकी जिम्मेवारी, रिड्यूस, रीयूज, रिसाइकल की नीति अपनाकर पर्यावरण संरक्षण में सहयोग दें। यमुना नदी में केमिकल युक्त सामग्री और कूडा न डाले। घर के किचन वेस्ट से खाद बनाएं और रूफ गार्डनिंग अवश्य करें आदि नारे लगाकर शहरवासियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। अतिरिक्त निगम आयुक्त डॉ. विजय पाल यादव ने कहा कि स्वच्छता के अभाव में अनेक बीमारियां जन्म लेती हैं जो हमारे लिए घातक हैं। स्वच्छता अपनाकर बीमारियों को दूर भगाने में सहयोग करना चाहिए। साफ सफाई का विशेष तौर ध्यान रखना चाहिए। स्वच्छता के बिना स्वस्थ शरीर की कल्पना नहीं की जा सकती। स्वच्छ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क निवास करता है। रोजाना घर के साथ गली में भी सफाई रखनी चाहिए। साफ सफाई के अभाव में गंदगी फैलती है। हमें साफ सफाई के प्रति जागरूक होकर अपने शहर, कॉलोनी व मोहल्ले को साफ सुथरा रखना चाहिए। सफाई के लिए खुद आगे आना चाहिए।

**कवायद** पार्कों के पेड़ पौधों में ही प्रयोग होगा कंपोस्ट पिट में तैयार खाद

# ट्विन सिटी के पार्कों में बनेगी कंपोस्ट पिटः सिन्हा

- शहर के नेहरू पार्क समेत कई पार्कों में बनाए जा रहे हैं कंपोस्ट पिट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर



- ट्विन सिटी में नगर निगम क्षेत्र में सौ से अधिक पार्क हैं। इनमें से लगभग 50 पार्कों के सुंदरीकरण का जिम्मा एसोसिएशनों को दिया गया है। वहीं लगभग 48 पार्कों के विकास व रखरखाव की जिम्मेदारी निगम के पास है। नगर निगम ने पार्कों के रखरखाव व सुंदरीकरण के लिए सुपरवाइजर व हर पार्क में माली तैनात किए

ट्विन सिटी में स्वच्छ सर्वेक्षण-2024 में बेहतर रैंक के लिए नगर निगम द्वारा ट्विन सिटी के पार्कों में कंपोस्ट पिट बनाए जाएंगे। इसमें पार्कों के कचरे का निपटान किया जाएगा। पिट में पार्कों के कचरे व बागवानी कचरे से खाद तैयार की जाएगी। यह खाद पार्कों के पौधों व क्यारियों में इस्तेमाल की जाएगी। निगम द्वारा नेहरू पार्क समेत कई पार्कों में कंपोस्ट पिट बनाने का कार्य शुरू कर दिया है। जल्द ही इनमें कंपोस्ट पिट बनकर तैयार होगी। निगमायुक्त आयुष सिन्हा ने सभी पार्क एसोसिएशनों व नगर निगम को पार्कों में कंपोस्ट पिट बनाने के निर्देश दिए हैं। ट्विन सिटी में नगर निगम क्षेत्र में सौ से अधिक पार्क हैं। इनमें से लगभग 50 पार्कों के सुंदरीकरण का जिम्मा एसोसिएशनों को दिया गया है। वहीं लगभग 48 पार्कों के विकास व रखरखाव की जिम्मेदारी निगम के पास है। नगर निगम ने पार्कों के रखरखाव व सुंदरीकरण के लिए सुपरवाइजर व हर पार्क में माली तैनात किए है। पार्कों के सुंदरीकरण का कार्य प्रगति पर है। पार्कों में पत्तों, घास, कबाड़ व अन्य किस्म के कचरे का प्रबंधन अब पार्क में ही किया जाएगा। इसके लिए नगर निगम द्वारा पार्कों में ही कंपोस्ट पिट बनाई जाएगी। कंपोस्ट पिट में पार्कों में जमा पत्तों, घास, कबाड़,पेड़ों की ट्रिमिंग से एकत्रित हुआ कचरा व अन्य किस्म के कचरे से खाद तैयार की जाएगी। शुरुआती चरण में निगम के कुछ बड़े पार्कों को शामिल कर फिर सभी पार्क में यह व्यवस्था लागू होगी। निगम अधिकारियों ने इसे लेकर अपनी प्रक्रिया शुरू कर दी है। नेहरू पार्क समेत कई पार्क में कंपोस्ट पिट बना दी गई है। कुछ में निर्माणाधीन है। पार्कों में सफाई के बाद कचरा इनमें डाला जाएगा। जिससे खाद तैयार होगा।

### कंपोटस्ट पिट बनाने के दिए निर्देश

निगमायुक्त आयुष सिन्हा ने बताया कि पार्कों में कंपोस्ट पिट बनाने के लिए सभी अधिकारियों व पार्क एसोसिएशनों को निर्देश जारी किए गए हैं। सभी पार्कों में जल्द कंपोस्ट पिट बनाने का कार्य पूरा किया जाएगा। उन्होंने बताया कि जगाधरी और यमुनानगर के सौ के करीब पार्क है। इनमें से 50 के करीब पार्कों की रखरखाव व सुंदरता बनाए रखने का कार्य वहां की पार्क एसोसिएशन व सभाओं की ओर से किया जा रहा है। इसके लिए निगम इन संस्थाओं को पांच रुपये प्रति वर्ग मीटर के हिसाब से रखरखाव खर्च देता है। 48 पार्कों के रखरखाव व सुंदरीकरण एजेंसी की ओर से किया जाता है। पार्कों में पिट निगम द्वारा बनाई जा रही हैं। इनमें कचरा डालने और प्रबंधन का कार्य वहां की एसोसिएशनों द्वारा किया जाएगा।

## खबर संक्षेप



### गीता निकेतन में शिवरात्रि पर कार्यक्रम आयोजित

**कुरुक्षेत्र।** गीता निकेतन विद्या मंदिर सेक्टर -3 विद्यालय में शिवरात्रि के उपलक्ष्य में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम संचालन शिवाजी सदन द्वारा किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने विभिन्न गतिविधियों में उत्साह पूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम की शुरूआत में भगवान शिव के जीवन और उनके महत्व पर आधारित गीत, कविता और नाटक प्रस्तुत किए गए । विद्यालय प्रधानाचार्य सुमित कुमार ने अपने संबोधन में शिवरात्रि के आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक महत्व पर प्रकाश डालते विद्यार्थियों को भगवान शिव के आदर्शों से प्रेरणा लेने के लिए प्रेरित किया।

### कैम्पस प्लेसमेंट ड्राइव में 15 विद्यार्थियों का चयन

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय प्रशिक्षण, प्रशिक्षुता और रोजगार केन्द्र द्वारा आयोजित कैम्पस प्लैसमेंट ड्राइव में 15 विद्यार्थियों का चयन हुआ। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने चयनित विद्यार्थियों को बधाई दी व उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। केन्द्र के कोर्डिनेटर डॉ. महेन्द्र सिंह ने बताया कि देश की जानी-मानी कंपनी आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस द्वारा विश्वविद्यालय के एमबीए विद्यार्थियों के लिए प्लेसमेंट शिविर आयोजित किया गया।

### बच्चों के साथ यौन शोषण नहीं होगा सहन

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र में बच्चों के साथ किसी प्रकार का यौन शोषण सहन नहीं होगा। इस जिले में बच्चों से बाल मजदूरी करवाने वाले संस्थानों, फैक्टरियों, चाय की दुकानों व ढाबों पर विशेष निगरानी रखनी होगी। इसके साथ ही संबंधित विभागों के अधिकारियों को संस्थानों का औचक निरीक्षण भी करना होगा। हरियाणा राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सदस्य मीना कुमारी व मांगे राम ने बाल समस्याओं को लेकर लघु सचिवालय के सभागार में अधिकारियों को कुछ आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए।

# महाशिवरात्रि आज, धर्मनगरी के मंदिरों में दुल्हन की तरह सजे शिवालय

- अपने-अपने स्तर पर भी शिव भक्तों ने की खास तैयारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

जिले में महाशिवरात्रि पर्व की धूम है। बुधवार को महाशिवरात्रि का पर्व धूमधाम से मनाया जाएगा। पर्व मनाने के लिए व्यापक स्तर पर तैयारी की गई हैं। सभी शिवालयों को दुल्हन की तरह सजाया गया है तो अपने-अपने स्तर पर भी शिव भक्तों ने खास तैयारी की है। पर्व के लिए पिछले कई दिनों से तैयारी की जा रही थी, जिन्हें मंगलवार को अंतिम रूप दिया गया। धर्मनगरी में मुख्य कार्यक्रम स्थाणेश्वर महादेव मंदिर, दुखभंजन महादेव मंदिर, जयराम विद्यापीठ स्थित श्री रामेश्वर महादेव मंदिर में होंगे जबकि पिहोवा के अरुणाय स्थित महादेव मंदिर में भी इस पर्व को लेकर खास तैयारी की गई है। पर्व के चलते जगह-जगह धार्मिक अनुष्ठान से लेकर भंडारे भी लगाए जाने की तैयारी की गई है। एक दिन पहले हरिद्वार से कावड़ लेकर आने वाले शिव भक्तों की भीड़ उमड़ी रही। महाशिवरात्रि के उपलक्ष में बुधवार जिलेभर में शिवालयों में विविध धार्मिक कार्यक्रम होंगे। शिवालयों में भगवान शिव का जल दूध से अभिषेक होगा।



कुरुक्षेत्र। श्रीदुर्गा देवी मन्दिर पिपली के पीठाधीश डॉ. सुरेश मिश्रा।

### महाशिवरात्रि का व्रत सुख-समृद्धि प्रदान करता : मिश्रा

**कुरुक्षेत्र।** श्रीदुर्गा देवी मन्दिर पिपली के पीठाधीश डॉ. सुरेश मिश्रा ने बताया कि महाशिवरात्रि को भगवान शिव के जन्म महोत्सव का दिन बताया गया है,मान्यता है कि महाशिवरात्रि के दिन ही भगवान शिव शिवलिंग के रूप में प्रकट हुए थे। इसी कारण से इस दिन विशेष शिवलिंग की विशेष पूजा की जाती है। भगवान शिव और माँ पार्वती का विवाह इसी दिन हुआ था। डॉ.सुरेश मिश्रा ने बताया चतुर्दशी तिथि के स्वामी भगवान भोलेनाथ अर्थात स्वयं शिव ही हैं । इसलिए प्रत्येक माह के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी को मासिक शिवरात्रि के रूप में मनाया जाता है। हिंदू धर्म में, महाशिवरात्रि व्रत, पूजा, कथा और उपायों का विशेष महत्व होता है। महाशिवरात्रि बुधवार 26 फरवरी 2025 को श्रवण नक्षत्र, परिघ योग और मकर राशि के चन्द्रमा में श्रद्धा और भक्ति पूर्वक भक्तों द्वारा मनाई जाएगी।

### विशेष पूजा अर्चना की विधि

शिवलिंग पर शहद, पानी और दूध के मिश्रण से भोले शंकर को स्नान कराना चाहिए। इसके बाद बेल पत्र, धतूरा, फल और फूल भगवान शिव को अर्पित करने चाहिए। धूप और दीप जलाकर भगवान शिव की आरती करनी चाहिए। इस दिन भोले शिव को बेर चढ़ाना भी बहुत शुभ होता है। शिव महापुराण में कहा गया है कि इन छह द्रव्यों, दूध, दही, शहद,घी, गुड़ और पानी से भगवान शिव का रुद्राभिषेक करने से भगवान प्रसन्न होते हैं। जल से रुद्राभिषेक करने से शुद्धि, गुड़ से रुद्राभिषेक करने से खुशियां,घी से रुद्राभिषेक करने से विजय,शहद से रुद्राभिषेक करने से मीठी वाणी व दही से रुद्राभिषेक करने से समृद्धि मिलती है। भगवान शिव की आराधना में श्रद्धा व विश्वास मुख्य है।

### व्रत कैसे करें

1. सारा दिन निराहार रहें ,मन वचन कर्म से पवित्र रहे।
2. शाम से ही भगवान शिव की पूजा के लिए पूर्ण सामग्री तैयार करें।
3. रात को भगवान शिव की चार प्रहर की पूजा बड़े भाव से करने का विधान है।
4. प्रत्येक प्रहर की पूजा के पश्चात अगले प्रहर की पूजा में मंत्रों का जाप दोगुना, तीन गुना और चार गुना करें।
5. किसी की निन्दा चुगलियों ,ईर्ष्या द्वेष से बचें। शुभ मङ्गल भावना सम्पूर्ण विश्व के लिए रखें।

## निकाय चुनाव को लेकर पुलिस अलर्ट, नागरिकों से सहयोग की अपील

# पुलिस ने किए सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध अर्धसैनिक बल ने निकाला फ्लैग मार्च

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

जिला पुलिस निकाय चुनाव को लेकर पुलिस अलर्ट मोड़ पर है। पुलिस अधीक्षक कुरूक्षेत्र वरुण सिंगला के दिशा निदेर्शानुसार सोमवार को देर शाम थाना सदर थानेसर एरिया व मंगलवार को थाना कृष्णा गेट व थाना केयूके एरिया में फ्लैग मार्च निकाला गया। पुलिस अधिकारियों के नेतृत्व में पुलिस टीम व आरएएफ की टीम ने आम नागरिकों को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं स्वतन्त्र रुप से चुनाव प्रक्रिया में पुलिस का सहयोग करने की अपील की। जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 2 मार्च 25 को जिले में निकाय चुनाव होने निश्चित हुए हैं। जिला कुरूक्षेत्र में निकाय चुनाव-2025 को शान्तिपूर्ण एवं निष्पक्ष करवाने तथा कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए देर शाम सोमवार व मंगलवार को पुलिस अधिकारियों के नेतृत्व में पुलिस टीमों ने आरएएफ के जवानों के साथ मिलकर थाना सदर थानसेर एरिया, थाना कृष्णा गेट व थाना केयूके एरिया में फ्लैग मार्च निकाला गया। थाना सदर थानेसर प्रभारी निरीक्षक बलजीत सिंह, थाना कृष्णा गेट प्रभारी निरीक्षक जगदीश टामक व थाना केयूके प्रभारी निरीक्षक दिनेश चौहान के नेतृत्व में पुलिस की टीमों का फ्लैग मार्च थाना सदर थानेसर एरिया के सैक्टर-5, सैक्टर-3, पीपली, बीड पीपली, देवीदास पुरा, पीपली चौंक व पुलिस लाईन एरिया, थाना कृष्णा गेट एरिया मैन बाजार थानेसर, पुराना बस अड्डा, सैक्टर-17 रोटरी क्लब, न्यू कालोनी अमीन रोड व सुभाष मंडी तथा केयूके थाना के ब्रह्म सरोवर, चनारथल रोड, अनाज मंडी, सलारपुर रोड, शांति नगर आदि विभिन्न गलियों व मार्गो से होकर गुजरा। पुलिस ने लोगों को बिना किसी डर भय के चुनाव प्रकिया में भाग लेने के पुलिस टीम लिए प्रेरित किया। जनता से अपील की गई कि वह चुनाव के समय किसी भी असमाजिक तत्व के बहकावे में न आकर किसी प्रकार के लालच देने वालों की सूचना तुरन्त अपने नजदीकी पुलिस स्टेशन/चौंकी या पुलिस कन्ट्रोल रूम में दें।



कुरुक्षेत्र। फ्लैग मार्च निकालती अर्धसैनिक बल की टीम।

### 1, 2 व 12 मार्च को होगा ड्राई-डे

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं नेहा सिंह ने कहा कि जिले में नगर निकाय क्षेत्र, जहां-जहां चुनाव होने हैं, ऐसे क्षेत्रों से तीन किलोमीटर की दूरी पर स्थित सभी शराब की दुकानें, बार, पब आदि मतदान से एक दिन पहले, मतदान के दिन व मतगणना के दिन बंद रहेंगी। उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि नगर निकायों के साधारण चुनाव दौरान शराब की बिक्री पर प्रतिबन्ध रहेगा। इस संबंध में सभी शराब लाइसेंसधारियों को सूचित कर दिया गया है। ऐसे में नगर निकाय के विभिन्न क्षेत्रों में स्थित शराब की दुकानें, होटल, रेस्तरां, क्लब और शराब बेचने/परोसने वाले अन्य प्रतिष्ठानों को मतदान के दिन और मतगणना के दिन किसी को भी शराब बेचने/परोसने की अनुमति नहीं होगी, 1 मार्च, 2 मार्च और 12 मार्च को शराब बिक्री पूरी तरह से प्रतिबंधित रहेगी।

### प्रचार के लिए धार्मिक स्थलों का न करें प्रयोग : डीसी



**कुरुक्षेत्र।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि सभी राजनीतिक दल व प्रत्याशी शहरी स्थानीय निकाय चुनावों में आदर्श आचार संहिता की दृढ़ता के साथ पालना करना सुनिश्चित करें। चुनाव को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण और पारदर्शी तरीके से संपन्न कराने के लिए राजनीतिक दलों एवं प्रत्याशियों के सहयोग की जरूरत है। उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि कोई भी राजनीतिक दल अथवा उम्मीदवार ऐसी किसी भी गतिविधि में शामिल न हो जिससे विभिन्न समुदायों/जातियों/धर्मों के बीच मतभेद, नफरत एवं तनाव पैदा हो। डीसी ने कहा कि प्रशासन द्वारा तय स्थानों पर ही राजनीतिक सभाओं का आयोजन किया जाए। चुनाव में सभी राजनीतिक दल, प्रत्याशी व उनके समर्थक भाईचारा एवं सौहार्द बनाए रखें। सुरक्षा के दृष्टिगत व्यापक पुलिस बलों की तैनाती की जाएगी साथ ही संवेदनशील और अति संवेदनशील मतदान केन्द्रों की पहचान कर वहां अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मतदान के दिन प्रत्याशी के चुनाव एजेंट्स के मोबाइल रखने की उचित व्यवस्था पोलिंग बूथ पर रहेगी। मतगणना के दौरान राजनीतिक दलों एवं चुनाव लड़ रहे उम्मीदवारों के मतगणना एजेंट के बैठने की व्यवस्था इस प्रकार रहेगी उन्हें ईवीएम में मतों की संख्या ठीक प्रकार से दिखाई दे। उन्होंने कहा कि मतदान पूर्ण होने पर फॉर्म नंबर 17 अथवा 18 (जो भी लागू हो) चुनाव एजेंट्स को शीघ्र उपलब्ध कराया जाएगा।

### जिलेभर में लगाए 29 नाके : एसपी

जिला में 2 मार्च 25 को होने वाले निकाय चुनाव को लेकर जिला पुलिस द्वारा व्यापक प्रबन्ध किये गए हैं। पुलिस अधीक्षक वरुण सिंगला ने कहा कि निकाय चुनाव को शांतिपूर्ण करवाने के लिए जिला पुलिस सक्ष्म है। जिला पुलिस द्वारा जिलाभर में 29 नाके लगाये गए हैं, जिनपर तैनात पुलिस कर्मचारी वाहनों की लगातार चैकिंग कर रहें हैं। उन्होंने कहा कि अवैध नशा, शराब आदि की चैकिंग की जा रही है। पुलिस अधीक्षक ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि बिना किसी डर,भय के मतदान में भाग लें तथा अपने मत का प्रयोग करें।

# नशा एक अभिशाप, इसे जड़ से उखाड़ेंगे : कर्ण



कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा को स्मृति चिह्न भेंट करते अयन फाउंडेशन के अध्यक्ष कर्ण प्रताप सिंह व अन्य।

- सक्षम युवा देश की रीढ़ अभियान के कार्यक्रम में युवाओं को दिलाई राष्ट्र सेवा की शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र विश्विधालय आर के सदन में अयन फाउंडेशन और केयू एनएसएस के संयुक्त तत्वाधान में सक्षम युवा देश की रीढ़ कार्यक्रम आयोजित किया गया, कार्यक्रम में केयू वीसी प्रो. सोमनाथ सचदेवा नें बतौर मुख्यतिथि शिरकत की। इस मौके पर फाउंडेशन के अध्यक्ष कर्ण प्रताप सिंह केयू वीसी सोमनाथ सचदेवा की मौजूदगी में सेंकड़ो युवाओं को नशे और अपराध के विरुद्ध संघर्ष करने और राष्ट्र की सेवा की शपथ दिलाई। केयू कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि युवा देश का भविष्य हैं, युवाओं को सही दिशा दिखाकर राष्ट्रवाद और समाजसेवा के लिये प्रेरित करना हम सब की जिम्मेदारी है। प्रो.सोमनाथ सचदेवा नें फाउंडेशन के संस्थापक एंव अध्यक्ष कर्ण प्रताप सिंह और उनकी टीम द्वारा चलाए जा रहे अभियान को सराहा। उन्होंने कहा कि जिस तरह हमारे शरीर में रीढ़ की हड्डी का महत्व है उसी प्रकार युवाओं का देश के विकास के लिये महत्व है। कार्यक्रम के आयोजक एंव संस्था के अध्यक्ष कर्ण प्रताप सिंह नें आरके सदन में आयोजित सक्षम युवा देश की रीढ़ अभियान के तहत केयू वीसी की मौजूदगी में सेंकड़ो युवाओं को जीवन भर कभी भी नशा न करने, नशे के विरुद्ध अभियान में शामिल होने और राष्ट्रवाद और समाजसेवा की शपथ दिलाई।

### सीए अंकित शर्मा बने आईसीएआई की कुरूक्षेत्र शाखा प्रबंधक कमेटी के चेयरमैन

**कुरुक्षेत्र।** दी इंस्टिट्यूट आफ चार्टर्ड एकाऊटेंटस आफ इंडिया की कुरूक्षेत्र शाखा प्रबंधक कमेटी ने मीटिंग में वर्ष 2025-26 के लिए नई कार्यकारिणी का पुनर्गठन किया जिसके अंतर्गत प्रबंधक कमेटी द्वारा सीए अंकित शर्मा को कमेटी के चेयरमैन पद पर चुना गया और वाईस चेयरमैन के पद पर सीए अंकुश गर्ग को चुना गया। प्रबंधक कमेटी ने सचिव पद पर सीए अजय मोंगा, कोषाधिकारी के पद पर सीए नीरज बत्तान को और सीए दीपक कुमार व सीए गुरदयाल सिंह को एक्सिक्यूटिव मेंबर नियुक्त किया। इस मौके पर कुरूक्षेत्र शाखा के चेयरमैन पद पर आसीन सीए परविंदर सिंह ने अपना कार्यभार नवनियुक्त चेयरमैन सीए अंकित शर्मा को सौंपा व उनको बधाई दी।



### चुनाव में उतरे सहदेव रढाण ने जारी किया घोषणापत्र

**कुरुक्षेत्र।** जिला बार एसोसिएशन के 28 फरवरी को चुनाव होने जा रहे हैं। इस चुनाव में जिला बार एसोसिएशन की प्रधानी को लेकर चुनाव मैदान में उतरे सहदेव रढाण और उनके पैनल ने अपना चुनावी घोषणापत्र जारी किया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में करीब एक हजार अधिवक्ताओं ने भाग लिया। इस बार जिला बार एसोसिएशन की प्रधानी को लेकर चुनाव मैदान में उतरे सहदेव रढाण व उनके पैनल में राजेश मोवुआल उप प्रधान पद के लिए, आलोक शर्मा महासचिव पद के लिए, खुशविंदर वशिष्ठ सहसचिव पद के लिए तथा पीयूष गोयल कोषाध्यक्ष पद के लिए भाग्य आजमा रहे हैं। सभी उम्मीदवारों ने अपने पक्ष में वोट करने की अपील की। सहदेव रढाण ने अपने चुनावी घोषणापत्र में सभी वकीलों के सम्मान, आपकी तालमेल, पार्किंग, वाईफाई परिसर, चैंबर, नए वकीलों के लिए भावी योजनाएं, हाउसिंग, बीमा जैसे कई विषयों को रखा।

### आज ब्रज में होली रे रसिया के भजन पर झूमे श्रद्धालु

**थानेसर।** गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद जी की प्रेरणा से श्री कृष्ण कृपा जीओ गीता परिवार द्वारा जोशियान मोहल्ला में सचिन अरोड़ा के निवास स्थान पर संकीर्तन प्रभात फेरी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। राधा और कृष्ण भाव के भजनों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। सुनील वत्स के नेतृत्व में भजन गायकों द्वारा आज ब्रज में होली रे रसिया के भजन पर श्रद्धालु जमकर नाचे और भजन का आनंद उठाया। श्रीकृष्ण कृपा गौशाला के प्रधान सुनील वत्स ने जानकारी दी कि होली के उपलक्ष्य में गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद की प्रेरणा से पूरे नगर में प्रभात फेरी आयोजित की जा रही है। इन प्रभात फेरियों से जो चढ़ावा आता है वह गाय सेवा में प्रयोग किया जाता है। उन्होंने बताया कि प्रभात फेरियों में बड़े उत्साह के साथ श्रद्धालु भाग ले रहे है। 14 मार्च को गीता मनीषी के सानिध्य में श्री कृष्ण कृपा गौशाला में होली उत्सव श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जाएगा।



### गोला फेंक प्रतियोगिता में सर्वजीत प्रथम

**कुरुक्षेत्र।** भगवान परशुराम कॉलेज कुरुक्षेत्र में दो दिवसीय 13वीं वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता के दूसरे दिन का शुभारंभ कॉलेज प्राचार्य प्रो. शीश पाल एवं खेल परिषद के संयोजक डॉ. हीरा लाल शर्मा ने किया। संगठन सचिव डॉ. सौरभ त्रिखा ने दोनों का अभिनंदन करते हुए बताया कि आपके कुशल मार्गदर्शन के कारण ही इस खेल-कूद प्रतियोगिता का सफल आयोजन संभव हुआ। उन्होंने 28 फरवरी को खेल परिषद के संयोजक डॉ. हीरा लाल शर्मा के सेवानिवृत्त होने की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आपके नेतृत्व में कॉलेज की खेल-कूद गतिविधियों को जो उंचाई मिली है उसे भविष्य में भी जारी रखा जाएगा। पुरुष वर्ग प्रतियोगिता के 100 मीटर दौड़ में बी.ए. द्वितीय वर्ष के दविंदर ने प्रथम स्थान, दिलजीत सिंह ने दूसरा स्थान तथा बी.ए. तृतीय वर्ष के विक्रम ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। लंबी कूद प्रतियोगिता में बी. कॉम. प्रथम वर्ष के रितेश ने प्रथम स्थान, बी.ए. प्रथम वर्ष के सरजीत ने दूसरा स्थान तथा मोहद किफायत ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। 400 मीटर दौड़ में बी.ए. प्रथम वर्ष के विकास कुमार ने प्रथम स्थान, विशाल ने दूसरा स्थान तथा बी.ए. तृतीय वर्ष के आर्यन ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। गोला फेंक प्रतियोगिता में बी.ए. प्रथम वर्ष के सर्वजीत ने प्रथम स्थान, बी.ए. द्वितीय वर्ष के आदित्य ने दूसरा स्थान तथा बी.ए. प्रथम वर्ष के मोहद किफायत ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।





### केयूके स्टार व स्पार्टन के बीच टी-20 मुकाबला आज

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के केयू सीनियर सेकेंडरी मॉडल स्कूल में केयू गैर-शिक्षक टी-20 अनौपचारिक प्रतियोगिता का फाइनल मैच बुधवार को केयूके स्टार व केयूके स्पार्टन के बीच प्रातः 10 बजे खेला जाएगा। केयूके स्पार्टन टीम के कप्तान हरिश गैरोला ने कहा कि उनकी टीम के खिलाड़ियों ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर प्रतियोगिता के फाइनल मैच में जगह बनाई है। उन्होंने कहा प्रतियोगिता की विजेता टीम बनने के लिए सभी खिलाड़ी फाइनल मैच के लिए उत्साहित एवं तैयार है। केयूके स्टार के कप्तान अरविन्द्र शर्मा ने कहा कि उनकी टीम में ओपनर तथा मध्यमक्रम बल्लेबाजी काफी मजबूत है वहीं उनके गेंदबाजों ने विकट परिस्थितियों विकेट भी झटके हैं। वहीं क्रिकेटर एवं केयू के सहायक कुलसचिव विनोद वर्मा ने कहा कि खेल से जहां व्यक्ति का स्वास्थ्य ठीक रहता है वहीं खेल मानसिक तनाव को भी दूर करने में सहायक है। उन्होंने प्रतियोगिता के फाइनल मैच के लिए दोनों टीमों के खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी। रविवार को केयूके स्पार्टन टीम व केयूके अकांउट्स के बीच खेले गए सेमिफाइनल मुकाबले ने केयूके स्पार्टन ने 8 विकेट से मैच जीतकर फाइनल में अपनी जगह बनाई।

## पीएमश्री राजकीय विद्यालय बारना के वार्षिकोत्सव मे बच्चों ने बिखेरी प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



पीएमश्री शहीद सुरेंद्र कुमार राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गांव बारना मे वार्षिक उत्सव का आयोजन किया गया। वार्षिक उत्सव कार्यक्रम मे बच्चों ने एक से बढकर एक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सबका मन मोह लिया। इस कार्यक्रम मे सरपंच प्रतिनिधि संजीव शर्मा ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की वहीं उमंग समाजसेवी संस्था के अध्यक्ष देवीलाल बारना ने मुख्य वक्ता के रूप मे पहुंचकर विद्यार्थियों को मोटिवेट किया। यहां पहुंचने पर विद्यालय के प्रिंसीपल पूर्णचंद, शिक्षक राजबीर सिंह व शशि भूषण के नेतृत्व मे अतिथियों का पुष्प गुच्छ भेंटकर स्वागत किया व स्मृति चिह्न भेंट किए। मुख्य वक्ता देवीलाल बारना ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए लक्ष्य प्राप्ति के लिए अडिग रहने की बात कही। उन्होने कहा कि जब कोई व्यक्ति मन मे लक्ष्य निर्धारित कर लेता है तो उसे पा भी लेता है। इसलिए हमे अपने लक्ष्य निर्धारण के साथ आगे बढना चाहिए। जब हम अपना लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढेंगें तो जल्द ही मंजिल तक भी पहुंचेंगें। उन्होने अपने स्कूल समय को याद करते हुए कहा कि विद्यालय मे आकर स्कूल के दिनों की याद आ जाती है। उन्होने कविता के माध्यम से अपने स्कूल के दिनों को याद किया।

**कार्यक्रम** शोधार्थियों के लिए 10 दिवसीय शोध पद्धति पाठ्यक्रम कार्यशाला का हुआ शुभारम्भ

# शोध पद्धति पाठ्यक्रम शोध करने व प्रकाशित करने के लिए आवश्यक: प्रोफेसर सोमनाथ

कुवि के डॉ. बीआर अम्बेडकर अध्ययन केन्द्र ने किया कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा ने कहा है कि शोध पद्धति पाठ्यक्रम शोध करने व प्रकाशित करने के लिए आवश्यक है। उन्होंने कहा कि शोध पद्धति पाठ्यक्रम द्वारा विभिन्न शोध पद्धतियों और अनुप्रयोगों की आधारभूत जानकारी भी मिलती है जिससे शोध के सैद्धांतिक और व्यावहारिक ढांचे का भी प्रशिक्षण मिलता है। वे मंगलवार को कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के सीनेट हॉल में डॉ. भीमराव अम्बेडकर अध्ययन केन्द्र द्वारा सामाजिक विज्ञान और इसके संबद्ध विषयों में पीएचडी/पीडीएफ कार्यक्रम करने वाले शोधार्थियों के लिए आयोजित दस दिवसीय शोध पद्धति पाठ्यक्रम कार्यशाला के शुभारम्भ अवसर पर बतौर मुख्यातिथि बोल रहे थे। इसके साथ ही उन्होंने शोध में संदर्भ एवं ग्रंथ सूची का भी उल्लेख करने के बारे में जानकारी दी। इससे पहले कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा, मुख्य वक्ता प्रो. एमएम शर्मा तथा कोर्स निदेशक प्रो. महाबीर नरवाल तथा केन्द्र के निदेशक डॉ. प्रीतम सिंह ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर कार्यशाला का शुभारम्भ किया। कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि इस प्रकार की कार्यशालाओं से शोधार्थी विभिन्न शोध पद्धतियों को समझने में सक्षम होंगे तथा इससे उनके शोध पत्र, शोध कार्यों तथा रिपोर्ट को पूरा करने में मदद भी मिलेगी। इसके साथ ही उन्होंने पीएचडी शोधार्थियों से संवाद किया तथा उन्हें शोध पत्र, लेख, थिसिस लिखने तथा शोध प्रबन्ध की संरचना संबंधी आवश्यक जानकारी भी साझा की। केन्द्र के निदेशक डॉ. प्रीतम सिंह ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए केन्द्र द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न कोर्सों एवं शोध गतिविधियों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि दस दिवसीय शोध विधि पाठ्यक्रम आईसीएसएसआर के द्वारा प्रायोजित है। उन्होंने कहा कि दस दिनों में आयोजित होने वाले विभिन्न सत्रों को उन शिक्षाविदों द्वारा संचालित किया जाएगा, जिनके पास शोध और पत्रिकाओं में प्रकाशन का समृद्ध अनुभव है और जो आईआईटी/ आईआईएम/ टीआईएसएस/एनआईटी/केंद्रीय विश्वविद्यालयों, राज्य विश्वविद्यालयों आदि जैसे शीर्ष संस्थानों में काम कर रहे हैं। मुख्य वक्ता अलीगढ़ विश्वविद्यालय के प्रो. एमएम शर्मा ने शोध कार्यों की महत्ता तथा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को शोध कार्यों में प्रयोग करने के बारे में बताया। उन्होंने गुणवत्तापूर्ण शोध कार्य करने की विधि तथा जर्नल्स की अहमियत के बारे में जानकारी दी।



खबर संक्षेप

### धोखाधड़ी का आरोपी जांच में शामिल

**अंबाला।** थाना अंबाला छावनी में दर्ज धोखाधड़ी के मामले में पुलिस ने आरोपी दर्शन लाल को शामिल जांच किया है। पीड़ित महिला ने 8 अक्तूबर 2024 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 25 अप्रैल 2016 से 08 अक्तूबर 2024 के दौरान आरोपी दर्शन लाल ने उसके पति की 20 प्रतिशत हिस्सेदारी से नाम हटाने की धोखाधड़ी करने का आपराधिक कार्य किया है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है।

### 22 वर्षीय युवक लापता, केस दर्ज

**अंबाला।** पुलिस ने 22 वर्षीय युवक की गुमशुदगी का केस दर्ज किया है। दयालबाग की रहने वाली निशा ने पुलिस को शिकायत देकर अपनी बेटे की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करवाई। मामले की जांच कर रहे मुख्य सिपाही धीरज कुमार ने बताया कि 22 वर्षीय अभिषेक 11 फरवरी 2025 को घर से बिना बताए कहीं चला गया है। वह अब तक घर वापिस नहीं लौटा है। उन्होंने यह भी बताया कि परिवार ने अपने स्तर पर अभिषेक की काफी तलाश की लेकिन उसका कुछ पता नहीं चल पाया।

### वार्षिक उत्सव का किया आयोजन

**शहजादपुर।** पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय शहजादपुर में वार्षिक उत्सव का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला परियोजना अधिकारी सुधीर कालड़ा तथा विशेष अतिथि के तौर पर खंड शिक्षा अधिकारी ज्योति सभ्रवाल ने शिरकत की। प्रधानाचार्या सुमन सिंह की अध्यक्षता में वार्षिक उत्सव का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम का आगाज दीप प्रज्वलन कर ज्ञान के प्रकाश को विद्यालय प्रांगण में आलोकित किया गया। साथ ही प्रतिभागियों ने स्वागत गीत एवं सरस्वती वंदना द्वारा आए हुए सभी मेहमानों का स्वागत किया।

### अवैध असलहा के साथ युवक काबू, पूछताछ जारी

**जींद।** सीआईए स्टाफ ने गांव ईक्कस तथा रामराये के बीच एक युवक को काबू कर उसके कब्जे से एक पिस्तौल तथा एक जिंदा कारतूस बरामद किया है। सदर थाना पुलिस ने पकड़े गए युवक से पूछताछ शुरू कर दी है। सीआईए स्टाफ को सूचना मिली थी कि गांव ईक्कस तथा रामराय के बीच रजबाहा पटरी पर एक युवक अवैध असलहा के साथ खड़ा हुआ है।

### निवेश के नाम पर युवक से 52 हजार रुपये ठगे

**कैथल।** शहर में एक अज्ञात आरोपी ने निवेश के नाम पर एक युवक से 52 हजार 300 रुपये की ठगी कर ली। इस मामले में युवक ने साइबर थाने में केस दर्ज करवाया है। साइबर थाना में दी गई शिकायत में सीवन निवासी तरुण ने बताया कि कुछ दिन पहले उसने इंस्टाग्राम पर एक विज्ञापन देखा। इसमें ऑनलाइन निवेश के जरिए मोटा मुनाफा कमाने का जिक्र था।

### एंटी व्हीकल थेफ्ट टीम ने बाइक चोर पकड़ा

**कैथल।** बाइक चोरी के मामले की जांच एंटी व्हीकल थेफ्ट प्रभारी एसआई प्रदीप की अगुवाई में एचसी अनिल की टीम ने आरोपी भानपुरा हाल ब्रह्मा कालोनी निवासी सुरेश को काबू कर लिया।

## मेयर उपचुनाव: केंद्र व प्रदेश में तीसरी बार भारतीय जनता पार्टी की सरकार

# कांग्रेस व भाजपा ने विजय के लिए झोंकी ताकत, जीत के लिए किए जा रहे तीखे वार

### प्रचार के दौरान कांग्रेस प्रत्याशी बोले-चार साल तक निगम में केवल भ्रष्टाचार, भाजपा का जवाब बह रही है विकास की गंगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला शहर नगर निगम के मेयर उपचुनाव में जीत के लिए भाजपा-कांग्रेस ने ताकत झोंक दी है। दोनों ही दलों के नेता जीत के लिए एक दूसरे पर तीखे वार कर रहे हैं। कांग्रेस प्रत्याशी अमीषा चावला ने डोर टू डोर के जरिए प्रचार कर भाजपा की नाक में दम किया हुआ है। उधर भाजपा प्रत्याशी शैलजा सचदेवा की जीत के लिए भाजपा के तमाम बड़े नेता भी सियासी मैदान पर उतरकर प्रचार कर रहे हैं। चावला के प्रचार की कमान खुद सांसद वरूण चौधरी व विधायक चौधरी निर्मल सिंह ने संभाल रखी है। मंगलवार को दोनों नेताओं ने सिंगावाला, बलदेव नगर, डेहा कॉलोनी, रामनगर समेत कई जगह धुआंधार प्रचार किया। इस दौरान दोनों नेताओं ने नुक्कड़ सभाओं के जरिए अमीषा चावला के लिए वोट की अपील की।





अंबाला। प्रचार करती कांग्रेस प्रत्याशी अमीषा चावला व भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में प्रचार करते भाजपा नेता। फोटो :हरिभूमि

#### भ्रष्टाचार पर किया जमकर वार

प्रचार के दौरान कांग्रेस प्रत्याशी अमीषा चावला खुद नगर निगम में व्याप्त भ्रष्टाचार पर वार कर रही हैं। उन्होंने कहा कि चार साल तक शक्ति रानी शर्मा मेयर रही। इन चार सालों में अंबाला शहर की जनता को खून के आंसू रोने पड़े। एनडीसी, सफाई के मुद्दे जनता के लिए मुसीबत बने।

तत्कालीन मेयर की ओर से कभी इन समस्याओं के समाधान का प्रयास नहीं किया गया। केवल अफसरों के खिलाफ लेटरबाजी कर वे अपना हित साधती रही। चावला ने कहा भाजपा ने हमेशा झूठ की राजनीति की है। अब भी जनता से झूठे वायदे कि जा रहे हैं।

#### हार नहीं पचा पा रहे पूर्व मंत्री

सांसद वरूण चौधरी व विधाय निर्मल सिंह भी प्रचार के दौरान भाजपा व पूर्व मंत्री असीम गोयल पर निशाना साध रह हैं। दोनों नेताओं ने कहा कि विधानसभा मिली हार को पूर्व मंत्री असीम गोयल अभी तक पचा नहीं पा रहे हैं। उन्होंने कहा कि अगर असीम गोयल ने सही मायनों में जनता के हित के काम किए होते तो शायद उन्हें हार का मुंह न देखना पड़ता। उन्होंने कहा कि दस साल के कार्यकाल में असीम के पास ऐसी कोई उपलब्धि नहीं है जिसका जिक्र वे जनता के सामने कर सकें। ये नेता लगातार असीम पर जनता की बजाय खुद का विकास करने की बात कह रहे हैं। उन्होंने कहा कि बेशक दस साल के कार्यक्रम में असीम गोयल का कोई प्रोजेक्ट पूरा न हुआ हो लेकिन उनकी खुद की जेब जरुर भारी हो गई है। उन्होंने बताया कि विधानसभा चुनाव में हार के बाद जिस तरह पूर्व मंत्री ने कांग्रेस का समर्थन करने वालों का नुकसान किया उसे लोग भूले नहीं हैं। उन्होंने कहा कि मेयर उपचुनाव में लोग उन्हें कांग्रेस के हक में मतदान कर इसका जवाब देंगे।

#### बड़े नेताओं ने संभाला मोर्चा

**अंबाला।** मेयर उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी शैलजा की जीत के लिए अब कई बडे नेताओं ने भी मोर्चा संभाल लिया है। पूर्व मंत्री असीम गोयल खुद मैदान में डटे हैं। अब भाजपा के पूर्व प्रदेश मिडिया प्रमुख डॉ. संजय शर्मा, युवा मोर्चा पूर्व जिला अध्यक्ष संजय लाकड़ा , पूर्व जिला उपाध्यक्ष एडवोकेट नम्रता गोड़, पूर्व मिडिया प्रभारी सुधीर शर्मा, जगतार आरोड़ा, नरेंद्र सिंह जस्सी , गुरदेव वधवा, बृजमोहन धीमान जैसे नेताओं ने भी घर-घर प्रचार शुरू कर दिया है। मंगलवार को इन सभी नेताओं ने एकजुट होकर मानव चौक पर शॉप टू शॉप जाकर जनसंपर्क किया। साथ ही शैलजा संदीप सचदेवा के भारी संख्या में मतदान करने का आह्वान किया । भाजपा नेताओं के जनसंपर्क अभियान से पूरे शहर के भाजपा कार्यकर्ताओं में एक नए जोश का संचार हुआ है । डॉ संजय शर्मा ने जनसंपर्क के दौरान दुकानदारों को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता चुनाव के लिए जी जान से प्रचार में लगा हुआ है। चुनाव में भाजपा के साथ कोई भी पार्टी मुकाबले में नजर नहीं आ रही। उन्होंने कहा कि जनता बड़ी सुझवान व समझदार है। जनता को अपने पराए की पहचान है । अंबाला शहर के मतदाताओं ने ये निर्णय ले लिया है कि मेयर भारतीय जनता पार्टी का ही बनाएंगे ।उन्होंने कहा कि अब नगर निकाय चुनाव में भी भाजपा की ट्रिपल इंजन वाली सरकार बनेगी । जब प्रदेश में ट्रिपल इंजन की सरकार होगी तो विकास कार्यों को करने में कोई अड़चन नहीं आएगी । संजय शर्मा ने कहा कि आज पुरे विश्व में भाजपा एक सशक्त पार्टी बन गई है । राष्ट्रीय पार्टी कहे जाने वाली कांग्रेस पार्टी विपक्ष की भूमिका निभाने के काबिल भी रही । उन्होंने कहा कि इतिहास में पहली बार ऐसा हुआ है कि केंद्र व हरियाणा प्रदेश में लगातार तीसरी बार भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनी है । यह सब भाजपा की एक समान विकास करने की नीतियों का ही परिणाम है । संजय लाकड़ा व नम्रता गोड़ ने कहा कि कांग्रेस सहित अन्य विपक्षी पार्टियों का कोई भी कार्यकर्ता अम्बाला शहर से मेयर पद का फार्म तक भरने के लिए तैयार नहीं था क्योंकि उनको पता था कि अबकी बार उनकी जमानत जब्त होने वाली है। कांग्रेस ने तो अपने प्रत्याशी को चुनाव में उतार कर बलि का बकरा बना दिया है जबकि अन्य विपक्षी दल चुनाव मैदान छोड़कर भाग गए है । सुधीर शर्मा, जगतार आरोड़ा व बृजमोहन धीमान ने कहा कि लोकसभा चुनाव व विधानसभा चुनाव में जनता ने जो गलती की थी,उस गलती को नगर निगम चुनाव में सूधार करते हुए भाजपा प्रत्याशी शैलजा सचदेवा को लगभग 30 हजार मतों के मार्जिन से विजय बनाएंगे। इस अवसर पर लक्की शर्मा भानोखेडी, महेश ठेकेदार, मनप्रीत सिंह, कुलवंत सिंह भानोखेडी, संजीव भारद्वाज रामकेश गोरखा, डॉ. पवन शर्मा, आदि भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# स्वामी दयानंद सरस्वती की जयंती मनाई

■ पुलिस डीएवी स्कूल में वैदिक यज्ञ में डाली गई आहुतियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला शहर के पुलिस डीएवी पब्लिक स्कूल में आर्य प्रादेशिक प्रतिनिधि उपसभा, के दिशा निर्देश में स्वामी दयानंद सरस्वती के जन्म दिवस पखवाड़े के अंतर्गत वैदिक यज्ञ का आयोजन किया गया। इस दौरान स्वामी दयानंद सरस्वती की जयंती मनाई गई। इस उपलक्ष्य पर विद्यार्थियों द्वारा पूर्ण विधि- विधान पूर्वक यज्ञ को संपूर्ण किया गया जिसमें अध्यापकों और विद्यार्थियों द्वारा यज्ञ में आहुतियां डाली गई । इस अवसर पर स्कूल शिक्षकों द्वारा स्वामी दयानंद के जीवन से समर्पित व्याख्यान दिया गया और बताया गया कि किस प्रकार उनके द्वारा किए गए कार्य देश के इतिहास में एक महत्वपूर्ण अध्याय है। स्वामी दयानंद सरस्वती एक महान पुनर्स्थापक थे। उन्होंने सनातन धर्म के मूल सिद्धांतों को पुनर्स्थापित किया और समाज में सुधार लाने के लिए अथक प्रयास किए। वे भारतीय समाज के लिए एक प्रेरणा हैं। छात्रों के द्वारा इस अवसर पर स्वामी दयानंद सरस्वती की महिमा का गुणगान करते हुए तथा अंधविश्वासों और कुरीतियों को दूर करने और समाज में सुधार लाने के लिए उनके द्वारा किए गए अथक प्रयास को सूंदर मधुर भजन ' भारत का कर गया बेड़ा पार ' के द्वारा प्रस्तुत करने का प्रयास किया गया। बच्चों की इस प्रस्तुति की सभी ने बहुत सराहना की। इस उपलक्ष्य पर स्कूल प्राचार्य डॉ. विकास कोहली ने कहा कि स्वामी दयानंद सरस्वती भारतीय समाज के महान सुधारक और आध्यात्मिक गुरु थे।



कार्यक्रम में प्रस्तुति देते छात्र। फोटो :हरिभूमि

# हवन से न केवल आत्मिक शांति मिलती है बल्कि आध्यात्मिकता का अनुभव भी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

गांव अधोया स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के तहत एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य के लिए हवन कर मंगलकामना की गईं। विद्यालय के प्रधानाचार्य राजेश पराशर और एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. बलवंत सिंह की अध्यक्षता में शिविर का आयोजन हुआ। हवन में विद्यालय के सभी विद्यार्थियों और अध्यापकों ने आहुति डालकर आध्यात्मिकता का अनुभव किया। हवन की विशेषता यह रही कि विद्यालय के संस्कृत के अध्यापक कप्तान सिंह ने हवन का संपर्ण कार्य संपन्न कराया। उन्होंने बताया कि हवन का आयोजन विद्यार्थियों को अपनी संस्कृति से अवगत कराने और इसे उनके जीवन से जोडऩे के उद्देश्य से किया गया है। हवन से न केवल आत्मिक शांति और आध्यात्मिकता का अनुभव होता है बल्कि वैज्ञानिक दृष्टिकोण से भी इसका महत्व है। शोधकर्ताओं के अनुसार हवन में इस्तेमाल होने वाले घी और गुड़ के जलने से ऑक्सीजन का निर्माण होता है। हवन का धुंआ वायुमंडल को शुद्ध करता है। हानिकारक जीवाणुओं को नष्ट करता है। फ्रांस के वैज्ञानिक टेरे ने हवन पर शोध करते हुए बताया था कि आम की लकड़ी से फार्मिक एल्डिहाइड नामक गैस उत्पन्न होती है।



# मास कम्यूनिकेशन के छात्र मनीष ने उतीर्ण की नेट की परीक्षा, जेआरएफ किया हासिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला गवर्नमेंट पीजी कॉलेज में मास कम्युनिकेशन विभाग के पूर्व छात्र मनीष ने नेट परीक्षा पास करके जूनियर रिसर्च फेलोशिप (जेआरएफ)हासिल की है। मनीष की इस उपलब्धि पर कॉलेज प्रिंसिपल डॉ. अजीत सिंह,कार्यवाहक प्रिंसिपल डॉ देशराज बाजवा सहित मास कम्युनिकेशन विभाग के फैकल्टी सदस्यों ने बधाई दी। विभाग के अध्यक्ष प्रो. राकेश शर्मा व प्रो. धर्मवीर सिंह ने बताया कि मनीष ने शैक्षणिक सत्र 2017-2020 में गवर्नमेंट कॉलेज से बीए मास कम्युनिकेशन प्रथम श्रेणी के साथ उत्तीर्ण की थी। मनीष शुरू से ही होनहार छात्र रहा है। इसके बाद उन्होंने कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी से मास कम्युनिकेशन में एमए की। इस अवसर पर विभाग के प्रो संदीप सैनी व प्रो. हितेश भारद्वाज ने भी मनीष को उज्जवल भविष्य के लिए बधाई दी। मनीष पढ़ाई के साथ साथ एक प्रभावशाली यूट्यूब इन्फ्लूएंसर भी है। उनके टेक्नोलॉजी आधारित चैनल के हजारों फॉलोवर हैं। मनीष ने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय अपनी मेहनत व शिक्षकों के मार्गदर्शन को दिया है।



# परमात्मा हमें देते हैं गुणों को धारण करने की शिक्षा

■ महाशिवरात्रि महोत्सव के उपलक्ष्य में मथुरा नगरी के सेंटर पार्क में भव्य कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला शहर की जग्गी कॉलोनी स्थित ब्रहमाकुमारीज़ सेवा केंद्र द्वारा महाशिवरात्रि महोत्सव मथुरा नगरी के सेंटर पार्क में आयोजित किया गया। शिव पिता परमात्मा के दिव्य अवतरण दिवस पर सभी कालोनी निवासियों ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन के द्वारा की गई। सेवा केंद्र की मुख्य संचालिका राजयोगिनी दिव्या दीदी ने शिवरात्रि पर्व का आध्यात्मिक रहस्य बताया कि परमात्मा पिता के आने का दिव्य अवतरण का यादगार ये पर्व है। परमात्मा हमें गुणों के धारण करने की शिक्षा देते है। हम इन पांच विकारों को छोड़ने व शिव पर अर्पित करके सच्ची शिवरात्रि मना सकते हैं।बीके नेहा दीदी ने परमपिता परमात्मा का परिचय बहुत ही सरल शब्दों में समझाते हुए बताया कि परमात्मा के बारे में अनेक मत है परंतु वह अजन्मा, अभोगता व निराकार ज्योति स्वरूप है जिनको ज्योतिर्लिंग के रूप में हम याद करते है। जिसका यादगार शिवरात्रि पर्व के रूप में मनाते है। राजयोगिनी बीके मीरा दीदी ने राजयोग मेडिटेशन की गहन अनुभूति कराई। कार्यक्रम के अंत में सुंदर नाटिका बीके वैशाली बहन तथा बीके रवि नरूला द्वारा शिव व शंकर के परिचय को स्पष्ट करते हुए प्रस्तुत की गई।



### छात्राओं ने देखा अभिज्ञानशाकुंतल्म नाटक

**जींद।** हिंदू कन्या महाविद्यालय के संस्कृत विभाग द्वारा महाकवि कालिदास द्वारा विरचित अभिज्ञानशाकुंतल्म नाटक छात्राओं को दिखाया गया। जिसकी अध्यक्षता महाविद्यालय प्राचार्या डा. पूनम मोर द्वारा की गई। इस अवसर पर संस्कृत प्राध्यापिका डा. नीलम रानी ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्रस्तुत नाटक स्नातक तृतीय वर्ष के दोनों सत्रों में छात्राओं के पाठ्यक्रम में लगा हुआ है, जोकि महाकवि कालिदास का एक प्रसिद्ध संस्कृत नाटक है। जो न केवल साहित्यिक दृष्टि से बल्कि सांस्कृतिक, नैतिक, ऐतिहासिक और शिक्षण की दृष्टिकोण से भी अत्यंत उपयोगी है। यह नाटक संस्कृत साहित्य का एक अद्भुत रत्न है। जिसमें काव्य शैली, अलंकार, रस और सौंदर्य का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया गया है। इसका अध्ययन करने से संस्कृत भाषा की गहनता और साहित्यिक सौंदर्य की समझ विकसित होती है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

कार्यक्रम | महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य में साहा की मुख्य मार्केट में धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन

# इंसानों की तरह शरीरधारी नहीं है भगवान शिव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय शाखा साहा द्वारा महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य में साहा की मुख्य मार्केट में शोभा यात्रा निकाली गई एवम् एक विशाल भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। साहा सेवा केंद्र संचालिका राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी प्रतिभा दीदी के मार्गदर्शन में यह कार्यक्रम आयोजित हुआ। रायपुररानी से पधारी सेवा केंद्र संचालिका राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी किरण दीदी ने कहा कि वर्तमान संगमयुग पर मनुष्यात्माओं को पावन बनाने के लिए परमात्मा शिव काम, क्रोध, लोभ, मोह, अहंकार, कुसंस्कार एवं आसुरी प्रवृत्तियों का दान ले रहे हैं। इन सूक्ष्म मनोविकारों को मानसिक रूप से परमात्मा शिव के सम्मुख अर्पण करके जीवन में पवित्रता और आत्मा को बुराइयों से बचाने का महाव्रत लेना है तभी हमारे जीवन में सुख-शान्ति एवं दिव्य-गुणों की सच्ची धारणा हो सकती है।मुख्य अतिथि एसएचओ जितेंद्र सिंह ने कहा मुझे इन बहनों के सानिध्य में आकर बहुत शांति खुशी महसूस हो रही है। ये बहनें समाज के विकास में बहुत अहम भूमिका निभा रही है। प्रेरक वक्ता राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी शैली दीदी ने कहा शिवरात्रि परमात्मा शिव के इस धरा पर अवतरण की यादगार है। परमात्मा शिव, सामान्य मनुष्यों की तरह शरीरधारी नहीं हैं। जन्म-मरण के बंधनों से मुक्त है। गीता में भगवान ने कहा है- “मेरे दिव्य जन्म के रहस्य को न महर्षि, न देवता जानते हैं। इससे स्पष्ट है कि परमात्मा प्रकृति के तत्वों के अधीन कोई सामान्य मनुष्यों की तरह शरीरधारी नहीं हो सकता है। शिव वरदानी भवन से पधारी सेवा केंद्र मुख्य संचालिका राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी संगीता रानी दीदी ने कहा कार्यक्रम में आए हुए सभी गणमान्य व्यक्तियों का बहुत-बहुत दिल से स्वागत करते हुए कहा कि अपने जीवन को सदा खुशियों से भरकर रखना हैद्ध वह तब होगा जब हम खुद को उस परमात्मा से जोड़ कर रखेंगे। वरिष्ठ अधिवक्ता कमलेश गुप्ता ने कहा जैसे परमात्मा दया का सागर है ऐसे ही हमें भी दयावान बनना है। इससे पहले शिव ध्वजारोहण किया गया।



अंबाला। कार्यक्रम में ध्वजारोहण करती बीके बहनें व अन्य। फोटो :हरिभूमि